संख्या-608 / 38-6-15-15(एलसी) / 2013

प्रेषक,

वी0हेकाली झिमोमी,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

आयुक्त,
ग्राम्य विकास,
उ0प्र0, लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक-02 जून ,2015**

विषय:- यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा विगत बी0पी0एल0 सर्वे हेतु आपूर्तित साफ्टवेयर/हार्डवेयर के भुगतान हेतु वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

बी0पी0एल0 परिवारों की पात्रता सूची के पुन: सर्वेक्षण हेतु वित्तीय वर्ष-2007-08 में संचालित की गयी योजना राज्य सरकार की थी। अत: इस योजना में भारत सरकार से कोई धनराशि प्राप्त नहीं हुयी थी। यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा आवश्यक सामग्री (साफ्टवेयर/ हार्डवेयर) की आपूर्ति/स्थापना के पश्चात यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिल दिनांकित-16.06.2009 भुगतान हेतु आयुक्त, ग्राम्य विकास को प्रस्तुत किया गया, परन्तु वित्त विभाग के निर्देशानुसार बी0पी0एल0 सर्वे की लखनऊ डी.आर.डी.ए. के पी0एल0ए0 में जमा अवशेष धनराशि रू0-59.30344 लाख को दि0-25.05.2009 केा राजकोष में जमा कर दिया गया। फलस्वरूप भुगतान लम्बित है। उपरोक्त स्थिति में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में नई मांग(एसएनडी) के माध्यम से करायी गयी बजट व्यवस्था रू0-20,94,000.00 की पूर्ण धनराशि यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा विगत वर्षों में बी0पी0एल0 सर्वे हेतु आपूर्तित साफ्टवेयर/हार्डवेयर के लम्बित देयक के भुगतान हेतु श्री राज्यपाल महोदय, आयुक्त ग्राम्य विकास, उ0प्र0 के निवर्तन पर रखे जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय व्ययक अनुदान सं0-13 के अंतर्गत स्वीकृत की जाने वाली धनराशि लेखा शीर्षक "2515-अन्य ग्राम्य विकास कार्यक्रम-102-सामुदायिक विकास-06-यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन

http://shasanadesh.up.nic.in/

द्वारा विगत वर्षो में बी0पी0एल0 सर्वे हेतु आपूर्ति किये गये साफ्टवेयर/हार्डवेयर भुगतान हेतु-42 अन्य व्यय" के नामें डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक-30.03.2015 में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत जारी किये जा रहे हैं।

भवदीया,

(वी0हेकाली झिमोमी)
सचिव।

संख्या-608(1)/38-6-2015, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- महालेखाकार(सिविल आडिट)-प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3- निदेशक, कोषागार/मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- अपर आयुक्त, लेखा, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
5- प्रबन्धक निदेशक, यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-2/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- ग्राम्य विकास अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-3/राज्य योजना आयोग-1
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमा कान्त पाठक)
उप सचिव।

http://sharadesh.up.nic.in/